राजस्थान सरकार
मंत्रिमण्डल सचिवालय

क्रमांक प.30(6)मं.मं./2018 जयपुर दिनांक :- 24-6-2019

समस्त अति0 मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव/विशिष्ठ शासन सचिव।

परिपत्र

विषय :- राज्य सरकार के प्रशासनिक विभागों के वार्षिक प्रगति/प्रशासनिक प्रतिवेदन और अन्य साहित्य प्रतिवेदन राजस्थान विधानसभा में सहायक सचिव के स्तर या इससे ऊपर के अधिकारी स्तर द्वारा भिजवाये जाने बाबत्।

मंत्रिमण्डल सचिवालय के समसंख्यक परिपत्र दिनांक 27.12.2018, 25.01.2019, 04.02.2019 एवं तत्पश्चात् दिनांक 21.05.19 तथा 11.06.2019 के माध्यम से समस्त प्रशासनिक विभागों को वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन इस वर्ष के लेखानुदान के उपरान्त आने वाले सत्र, जिसमें बजट पर चर्चा की जानी है, में सत्र आहूत होने के उपरान्त या बजट प्रस्तुत करने से सात दिवस पूर्व, 31.12.2018 तक की सूचना/आंकड़े प्रतिवदेन में सम्मिलित करते हुए विधानसभा सचिवालय में आवश्यक रूप से पहुंचाने बाबत् निर्देशित किया गया था।

अतः राजस्थान विधानसभा सचिवालय के चाहेनुसार इस सचिवालय द्वारा पूर्व में जारी समसंख्यक परिपत्र दिनांक 21.05.19 एवं 11.06.2019 की निरन्तरता समस्त प्रशासनिक विभागो को पुनः निर्देशित किया जाता है कि कृपया वार्षिक प्रगति/प्रशासनिक प्रतिवेदन और अन्य साहित्य राजस्थान विधानसभा सचिवालय को **सहायक सचिव के स्तर या इससे ऊपर के अधिकारी के साथ भिजवाये जाना सुनिश्चित करावें।**

24/6/2019
(कैलाश चन्द्र गुप्ता)
वरिष्ठ शासन उप सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर।
2. सचिव, राजस्थान विधानसभा, जयपुर।
3. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान, जयपुर।
4. सचिवालय के समस्त अनुभाग/प्रकोष्ठ।
5. समस्त विभागाध्यक्ष।
6. रक्षित पत्रावली।

24/6/2019
वरिष्ठ शासन उप सचिव